कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री विक्रम सिंह गुर्जर निवासी ग्राम धूलकोट पोस्ट पीपलकी तहसील सिकराय जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार बडियाल कला तहसील बसवा जिला दौसा

अपील संख्या 101/2021

निर्णय

दिनांक 21.01.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार बडियाल कला तहसील बसवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार बडियाल कला तहसील बसवा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार बडियाल कला तहसील बसवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार बडियाल कला तहसील बसवा जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2021/2923 दिनांक 23.12.2021 एवं स्मरण पत्र कमांकः 07 दिनांक 05.01.2022 के द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार बडियाल कला तहसील बसवा जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकःआरए/2021/03 दिनांक 04.01.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को दिनांक 04.01.2022 को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रकरण लेख भंडार हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.03.22 16:32:50 IST
Reason: SelfAttested

(कमर उल जमान चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

Web Copy - Not Official